हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–313 : जौनपुर, सोमवार 28 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने व्यापारियों का धन्यवाद देते हुए सदैव साथ देने का वादा किया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के विभिन्न बाजारों के पदाधिकारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक से उनके आवास पर मुलाकात की तथा व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने बृजेश पाठक को उप मुख्यमंत्री बनने पर प्रदेश के व्यापारियों की ओर से उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा उन्हें बधाई दी उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने व्यापारियों को धन्यवाद देते हुए हर समस्या में सदैव साथ खड़ा रहने का वायदा किया इस अवसर पर संगठन की लखनऊ इकाई एवं विभिन्न बाजारों के पदाधिकारियों ने श्री बृजेश पाठक को फूलों की बड़ी माला पहनाकर उनका स्वागत किया बधाई एवं स्वागत कार्यक्रम में संगठन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सांवरिया ,ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे, सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के संगठन के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, व्यापारी नेता ब्रह्म प्रकाश अवस्थी, रिंग रोड मार्केट के पदाधिकारी पंकज अरोड़ा, पीजीआई मार्केट अध्यक्ष अमित अग्रवाल, आम्रपाली मार्केट अध्यक्ष उदय कांत श्रीवास्तव ,हिमांशु रस्तोगी, तकरोही मार्केट के नारायण मोरिया, श्रीमती अंजलि मोरिया, भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष कमल

अग्रवाल, सदर बाजार के अध्यक्ष अखिल ग्रोवर , लवलेन मार्केट से सचिन मेहरोत्रा, मो. गौस, हुसैनाबाद मार्केट से रजा हुसैन रिजवी गौरी बाजार के पदाधिकारी धर्मेंद्र सिंह, अंबुज शर्मा, कपूरथला से मोहम्मद शेख सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं व्यापारी शामिल थे।

प्रतिकूल परिस्थितियों से लड़ना सिखाता है भारत स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण – डॉ जय प्रकाश तिवारी

जौनपुर (विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी) : श्री गौरीशंकर संस्कृत महाविद्यालय सुजानगंज जौनपुर के शिक्षाशास्त्र विभाग के छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं का पंचदिवसीय भारत स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस कौशल प्रदर्शन कार्यक्रम में स्काउट एंड गाइड के विभिन्न टोलियों द्वारा टेंट का निर्माण किया गया। छात्र एवं छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का निर्माण कम समय एवं अल्प संसाधनों से किया गया । जिसका निरीक्षण श्री गौरीशंकर संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ0 जय प्रकाश तिवारी एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुजानगंज के पूर्व प्रधानाचार्य श्री लाल बिहारी तिवारी आदि अतिथियों के द्वारा किया गया तथा प्रशिक्षुओं की सराहना की गई। अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। जिसमें प्रत्येक टोलियों के तरफ से गीत,एकांकी,प्रहसन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । अतिथि संबोधन में प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए डॉ0 जयप्रकाश तिवारी ने कहा मनुष्य को विकट परिस्थितियों एवं प्रतिकूल समय में भारत स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य करता है तथा उस परिस्थिति से लड़ने का साहस देता है। इसलिए इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के जीवन में अत्यंत उपयोगी हैं जिससे कि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो पाता है। इसी कड़ी में श्री लाल बिहारी तिवारी ने कहा कि आज श्री गौरी शंकर संस्कृत महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा निर्माण किया गया टेन्ट अपने आपमें अलौकिक एवं विहंगम दृश्य प्रदर्शित कर रहा है। निश्चित रूप से इस

तरह के कार्यक्रम प्रशिक्षण समाज में एक सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं । श्री गौरीशंकर संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विनोद कुमार तिवारी जी अपने उद्बोधन में दहेज गीत सुना कर छात्रों को भाव विभोर कर दिया तथा महाविद्यालय के आचार्य सुप्रसिद्ध कवि श्री शिवानंद चतुर्वेदी जी ने स्वरचित कविता के माध्यम से छात्रों में उत्साह एवं आनंद प्रवाहित किया। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र कुमार सिंह एवं आगंतुक अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन श्री खगेन्द्र कुमार मिश्र के द्वारा दिया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंद्रदेव द्विवेदी, गिरीश प्रकाश सिंह, उमेश तिवारी, वेंकटेश तिवारी, इंदु प्रकाश चतुर्वेदी, संदीप कुमार तिवारी, अखिलेश गुप्ता, विपिन सिंह, नवीन मिश्र, अखिलेश मणि आदि शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।अन्त में राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन किया गया।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

नवरात्र के आगमन पर धार्मिक संस्थाओं द्वारा अपनी–अपनी तैयारियां शुरू

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नवरात्र के आगमन पर धार्मिक संस्थाओं द्वारा अपनी–अपनी तैयारियां शुरू कर दी गई है । कोरोना के कारण पिछले 2 वर्षों से सभी धार्मिक कार्यक्रम स्थगित हो गए थे, लेकिन अब कोरोना का रफ्तार कम होने से धार्मिक कार्यक्रमों में तेजी आ गया हैं। चौत्र नवरात्र उत्सव समिति सब्जी मंडी द्वारा नवरात्र के कार्यक्रम को लेकर एक बैठक माँ काली जी मन्दिर के प्रांगण में 27 मार्च दिन रविवार को किया गया।बैठक की अध्यक्षता कर रहे गोपाल साहू ने बताया की विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी माता का भव्य श्रृंगार, विशाल भंडारा, एवं बिरहा का शानदार आयोजन किए जाएंगे । बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारी के बारे में भी चर्चा हुई जिसमें अन्य लोगों ने भी अपने–अपने सुझाव रखें। बैठक में दीपक जायसवाल सभासद ,विनय साहू ,आशीष गुप्ता, सुरेंद्र प्रजापति ,कृष्णा यादव ,संतलाल मद्धेशिया, वीरेंद्र प्रजापति, विकास प्रजापति, गोलू प्रजापति ,शुभम गुप्ता, संदीप साहू, महेंद्र गौतम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष गोपाल साहू ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

रोजगार मेले में 137 का चयन

जौनपुर सू.वि. : जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा निजी नियोजकों के सहयोग से 28 मार्च 2022 को 'रोजगार मेला' का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय कैम्पस जौनपुर में किया गया, मेले में निजी क्षेत्र की 03 कम्पनियॉ शामिल हुई, मेले में प्रतिभागी अभ्यर्थियों की संख्या 320 रहीं, इन कम्पनियों के द्वारा कुल 137 पदों पर भर्ती की गयी। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित 'मिशन रोजगार अभियान' के तहत इस मेले का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं ने अपनी योग्यता व क्षमता के अनुरूप प्रतिभाग किया तथा रोजागार भी प्राप्त किया। चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए, भविष्य में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को बताया गया कि रोजगार मेले का आयोजन प्रत्येक माह किया जाता रहेंगा। जिला सेवायोजन अधिकारी के अतिरिक्त रोजगार मेला प्रभारी शिवकुमार यादव, जीतलाल मौर्य, श्रीमती हसन फात्मा, जीशान अली, आनन्द भूषण त्रिपाठी, अजय कुमार, श्यामनारायण, आदि उपस्थित रहें।

श्री कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई मोदनवाल समाज का होली मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम से संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई समाज का होली मिलन समारोह देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच रविवार को घनश्याम दास का बगीचा उर्दू बाजार जौनपुर से संपन्न हुआ ।कार्यक्रम का शुभारंभ अमरनाथ बबलू अध्यक्ष मोदनवाल समाज जौनपुर व अनूप मोदनवाल वरिष्ठ सलाहकार ने पूज्य पाद महर्षि मोदनसेन महाराज के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके बाद मनोज सोनी लोकगीत कलाकार ने होली खेले रघुवीरा अवध में गीत गाकर सभी का मन मोह लिया । इस इसी क्रम में मटका फोड़ कार्यक्रम में पुरुष वर्ग में वीरेंद्र मोदनवाल व महिला वर्ग में वंशिका मोदनवाल व बाल वर्ग में नैंसी मोदनवाल ने मटका फोड़ कर विजय हासिल की। इसके बाद समाज के पदाधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित स्वजातीय समाज के लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आए सभी सो जाती बंधुओं का स्वागत उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी ज्ञानचंद मोदनवाल ने किया । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सलाहकार सुरेश शाही ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व अध्यक्ष जगन्नाथ. अमित ,रविशंकर, ओम प्रकाश मोदनवाल, अमितदया ,बृजेश कुमार, संतोष, संतोष कुमार भोटपर, शीतला प्रसाद ,हीरालाल, विवेक कुमार ,रामआसरे, राजीव कुमार ,राम सजीवन, विनोद मोदनवाल, प्रदीप कुमार।

श्री राम लला की शोभा यात्रा को लेकर प्रशासन से मिला प्रतिनिधि मंडल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : युवा बजरंग दल श्री रामनवमी शोभा यात्रा समिति के नेतृत्व में 10 अप्रैल को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामलला के जन्म उत्सव पर निकलने वाली भव्य शोभा यात्रा की तैयारी पूर्ण हो गई है। सुरक्षा, सफाई, विद्युत,पानी एवं अन्य व्यवस्था के संदर्भ में एक प्रतिनिधि मंडल प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी से मिलकर मांग प्रेषित किया एवं व्यवस्था के संदर्भ में उन्हें अवगत कराया पत्रक के अनुसार शोभायात्रा पूर्व की भांति 10 अप्रैल दिन रविवार को सायंकाल 4:00 बजे भंडारी रेलवे स्टेशन के पास श्री राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर सब्जी बाजार, कोतवाली चौराहा, चहारसू चौराहा, ओलन्दगंज होते हुए कजगांव पड़ाव पर भगवान श्री राम के आरती व प्रसाद वितरण कर समापन होगी शोभायात्रा में हाथी घोड़ा ऊंट के अलावा डीजे बैंड बाजा अखाड़ा सहित आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी वहीं पूरे मेला क्षेत्र में शोभायात्रा के संचालन के लिए लाउडस्पीकर लगाकर कोतवाली चौराहे से संचालन करने के लिए नियंत्रण कक्ष बनाए जाएंगे इसके अलावा स्वयंसेवी संगठन सहित नगर वासियों से अपील किया गया कि स्वागत द्वार जलपान सहित अन्य माध्यम से अपनी सहभागिता निभाएं प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष सुधीर साहू बोल बंम, महासचिव संजीव चौरसिया, सुभाष गर्ग, रंजीत अग्रहरी, आलोक वैश्य, कृष्णा कुमार, श्रवण चौरसिया, विजय गुप्ता, अर्पित गर्ग उपस्थित रहे।

सेक्रेटरी द्वारा साथी को धमकी देने पर पत्रकारों में आक्रोश: पत्रकार संघ ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की किया मांग

मछलीशहर (विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी) : स्थानीय विकास खण्ड में तैनात सेक्रेटरी ने छुट्टा पशुओं पर समाचार प्रकाशित करने पर पत्रकार को धमकी दिया।आक्रोशित पत्रकारों ने जौनपुर पत्रकार संघ की तहसील इकाई मछलीशहर के अध्यक्ष आर. पी. सिंह के नेतृत्व में सोमवार को उपजिलाधिकारी ज्योती सिंह को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग किया है। बताया जाता है कि स्थानीय विकास खण्ड के रामपुर कटाहित गांव के सेक्रेटरी सुशील उपाध्याय ने कुछ दिन पूर्व रिपोर्ट में बताया था कि गांव छुट्टा पशुओं से मुक्त है।जबकि उक्त गांव निवासी ''दैनिक भाष्कर'' के पत्रकार सुनील पाण्डेय द्वारा 25 मार्च को छुट्टा पशुओं के आतंक के संदर्भ में समाचार प्रकाशित किया था।गलत रिपोर्ट देने वाला सेक्रेटरी आक्रोशित होकर पत्रकार का घर बुलडोजर से गिरवाने व खामियाजा भुगतने की मोबाइल,वाट्स अप पर धमकी दिया।यह प्रकरण जब पत्रकार संघ के संज्ञान में आया तो पत्रकार आक्रोशित हो गये।तहसील पत्रकारों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मांग किया कि उक्त मनबढ़ सेक्रेटरी के निलम्बन की कार्यवाही के साथ धमकी देने के आरोप में एक सप्ताह के अंदर सुसंगत धारा में प्राथमिकी दर्ज की जाय।अन्यथा जिले व प्रदेश स्तर के पत्रकार आन्दोलन के लिये बाध्य होंगे।ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को भी भेज दी गई।इस अवसर पर महामंत्री अनिल पांडेय,संरक्षक लल्लन उपाध्याय,दीपक शुक्ला,अखिलेश श्रीवास्तव,अभिषेक सिंह,विपिन मौर्य,अनुराग सिन्हा,संजय सिंह,विवेक चौरसिया,सत्य नारायण यादव,इन्द्रेश तिवारी,शरद श्रीवास्तव, सुनील पांडेय, राकेश यादव सहित

सभी पत्रकार उपस्थित थे।

पत्रकारों के ज्ञापन देते ही ब्लाक में मची खलबली

मछलीशहर जौनपुर पत्रकार संघ मछलीशहर इकाई के अध्यक्ष आर पी सिंह के नेतृत्व में सोमवार को उपजिलाधिकारी ज्योती सिंह को छुट्टा पशुओं की फर्जी जानकारी देने व सेक्रेटरी द्वारा पत्रकार को धमकी देने की सूचना मिलते ही ब्लाक में खलबली मच गई।आनन फानन में छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर सहनी गौशाला में पहुंचाया जाने लगा। बताया जाता है कि विकास खण्ड के रामपुर कटाहित गांव में किसान की फसल को नुकसान पहुंचाने वाले जानवरों को ग्रामीणों के सहयोग से पिकअप में लादकर सहनी गौशाला में ग्राम पंचायत सचिव पहुचाना शुरु कर दिया है। जानवरो से किसान काफी दिनों से परेशान थे।रातभर जागकर अपनी फसल की रखवाली करते थे।इस बावत बी डी ओ से शिकायत की गई थी। मामले में महज खानापूर्ति कर दी गई थी।ग्रामीणों की समस्या के समाधान हेतु खण्ड विकास अधिकारी अस्मिता सेन के निर्देश पर ग्राम पंचायत सचिव सुशील उपाध्याय का कहना है कि गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से जानवरों को पिकअप में लादकर सहनी गौशालाओं में पहुचा दिया है।जानवरों के गौशाला में जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

यूपी बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा स्थापित कंट्रोल रुम का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : यूपी बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रट परिसर में स्थापित कंट्रोल रुम का औचक निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम प्रभारी रमेश यादव को निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों में सीसीटीवी से संबंधित समस्याएं आ रही है, वहां के प्रधानाचार्य समन्वय कर समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमानुसार परीक्षा सम्पन्न कराई जाये, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरें सक्रिय है या नही के बारें में जानकारी प्राप्त की । जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जनपद के सभी परीक्षा केन्द्रों में बोर्ड की परीक्षा नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराएं।

विश्वविद्यालय की छवि को धूमिल करने के षणयंत्र को बर्दाश्त नहीं करेगा परिसर संविदा शिक्षक संघ – डॉ नृपेंद्र सिंह

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में परिसर में कार्यरत संविदा शिक्षक संघ की एक बैठक आहूत की गई जिसमें विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाओं को लेकर विभिन्न समाचार पत्रों से प्राप्त भ्रामक सूचनाओं पर गहन चर्चा की गई।संविदा शिक्षक संघ के महामंत्री व बहुचर्चित समाजसेवी राजेश कुमार ने कहा की जो भी समाचार पत्रों के माध्यम से भ्रामक खबरें आ रही हैं वो सब तथ्यहीन व बेबुनियाद हैं जिसका संघ खंडन एवं निंदा करता है। कुलपति प्रो.निर्मला एस मौर्य के निर्देशानुसार छात्रों के गहन जांच पड़ताल के बाद ही कक्षाओं में प्रवेश दिया जा रहा है। सभी छात्रों के लिए पेयजल हेतु वाटर कूलर होते हुए उनको किसी तरह की असविधा न हो इसलिए पानी के कैन व डिस्पेंसर के साथ ग्लास की भी व्यवस्था है। परीक्षा की सुचिता पर कोई प्रश्न ही नहीं है। संघ के अध्यक्ष डॉ नृपेंद्र सिंह ने कहा की ये भ्रामक खबरें विश्वविद्यालय की स्वच्छ छवि को धूमिल करने का प्रयास है जो कि अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।इस अवसर पर डॉ मुनीन्द्र सिंह , सौरभ सिंह, डॉ शैलेश प्रजापति , डॉ उदय राज प्रजापति , डॉ प्रवीण सिंह, डॉ विवेक पांडेय , डॉ विजय बहादुर मौर्य , डॉ सुशील कुमार सिंह , डॉ राजीव कुमार , डॉ झांसी , डॉ आलोक सहित समस्त संविदा शिक्षक गण उपस्थित रहे।

अधिवक्ता महराज पाल का निधन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के भुआकला निवासी कलेक्ट्रेट कचहरी जौनपुर के अधिवक्ता मनराज पाल 68 वर्ष का रविवार मध्य रात उनके निवास स्थान भुआकला में स्वर्गवास हो गया। स्वर्गीय पाल आम आदमी की आवाज थे उनकी विनम्रता सहजता शालीनता के लिए क्षेत्र सदा याद रखेगा। स्वर्गीय पाल जी कुछ दिन से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज जनपद के एक अस्पताल में चल रहा था। निधन की खबर पाकर उनके घर शोक संवेदनाएं देने काफी संख्या में लोग पहुच गए। क्षेत्र के शैलेन्द्र तिवारी, शिवाकान्त तिवारी, बच्चा सिंह, बीडीसी दिनेश शर्मा, सहित काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित होकर शोक व्यक्त किया।

छेड़खानी का विरोध करने पर चचेरे भाई को किया लहू लुहान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद के एक गांव में मनबढो ने किशोरी के साथ छेड़खानी की कोशिश का विरोध कर रहे चचेरे भाई के सिर पर पंच मारकर लहू लुहान कर दिया।पीड़ित थाने पहुँचकर नामजद तहरीर दी।रविवार दोपहर एक गांव के युवक ने तहरीर देते हुए शिकायत की कि शनिवार शाम पड़ोस के गांव के दो मनबढ़ युवक उसकी चचेरी बहन को बदनीयती से दौड़ा रहे थे इसने इसका विरोध किया तो मनबढ़ उनकी पिटाई करते हुए सिर पर पंच मार दिया जिससे सिर में गम्भीर चोटें आई।पुलिस तहरीर लेकर पीड़ित का मेडिकल कराने के साथ मामले की छान बीन में जुट गई।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अन्न भक्षण से नहीं, चर्वण से शक्ति देता है और प्रवचन श्रवण से नहीं, आचरण से मुक्ति देता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

श्रीमद्भागवत पुराण : आनन्दमय जीवनयापन की विधियां

मित्रों!,

रामायण और महाभारत की भांति श्रीमद्भागवत पुराण भी लोगों के यशोमय ढङ्ग से अर्जित शुभ के माध्यम से आनन्दमय जीवनयापन की विधियों के प्रख्यापन पर ही केन्द्रित है।छोटी–बड़ी सैकड़ों कथाओं एवं उपाख्यानों के माध्यम से इसमें मृत्यु की विभीषिका से लोगों को उबरने हेतु यही बताया गया है कि, जो जन्म लेता है,उसे एक न एक दिन मृत्यु के स्तर से जाना ही पड़ता है।जिसने भी जन्म लिया है,चाहे जिस भी प्रास्थिति और रूपरंग को धारित किया है,उसे मृत्यु की गति मिली ही है।मृत्यु से बचने का कोई भी उपाय नहीं है।

2–मृत्यु वैसे तो सुनिश्चित है।उसकी तिथि, उसका समय,उसका स्थान और माध्यम आदि सभी सुनिश्चित हैं,पर इनकी पूर्व में जानकारी किसी के पास नहीं होती है,मृत्यु के इस रहस्य से अभी तक आवरण नहीं उठ सका है।

3–महाभारत में एक कथा आती है कि, अर्जुन के पौत्र महाराजा परीक्षित को श्रृङ्गीऋषि ने श्राप दिया था कि, महाराज की सातवें दिन नागराज तक्षक के द्वारा काटे जाने से मृत्यु होगी।

वैसे तो मृत्यु अपरिहार्य है,पर जिसे मृत्यु की तिथि समय और माध्यम का पता चल जाय वह मृत्यु की विभीषिका से मृत्यु पूर्व ही क्षणप्रतिक्षण मृत्युजन्य कष्ट का अनुभव करने लगता है। इसके साथ ही वह जीवन की लालसा लिए मृत्यु से बचने का हर उपक्रम अपनाता ही है। यही सब महाराज परीक्षित ने भी अनुभव किया था। मृत्यु से बचने का हर संभव प्रयास भी किया था।

उनके दरबार के विद्वान् लोगों ने मृत्यु की विभीषिका से उबारने हेतु श्रीमद्भागवत की कथाओं का उन्हें श्रवण कराया,तक्षक काट न सके,इसके लिए गंगा के किनारे मचान पर बैठने का परामर्श दिया गया।चप्पे–चप्पे पर सशस्त्र अंगरक्षक तैयार किये गये।

श्रीमद्भागवत की कथाओं के अन्त में यही बताया जा रहा था कि, जिसके विषय में कथा है, वह अन्त में मृत्यु के साथ हो लेता है।कथाएं सुनते– सुनते महाराजा परीक्षित को बोध हो जाता है कि, जब मृत्यु से बड़े–बड़े ऋषि,तपस्वी,ज्ञानी,कर्मठ,पुरुषार्थी, राजा, महाराजा,रघुवंशी,यदुवंशी,कौरव और पाण्डव ही नहीं अपितु दीन–हीन,गरीब व्यक्ति, जीव–जन्तु कोई ऐसा नहीं था जो बच सका तो उस मृत्यु से क्यों डरना?जो अपरिहार्य रूप से आती ही है।

यह कथा है कि,तमाम सुरक्षाघेरे को ध्वस्त करता हुआ तक्षक, पुष्पों के बीच छुप कर राजा के पास पहुंचता है और पलकझपकते ही उन्हें काट लेता है ।तक्षक के द्वारा काटे जाते ही मृत्यु,महाराज परीक्षित के सामने खड़ी हो कर साथ चलने का अनुरोध करती है, तब वह उसके साथ सहजभाव से हो लेते हैं।

4–एक प्रश्न सहज रूप से उठता है कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने पढ़ने या कथाओं के मनन से मुक्ति मिलती है या नहीं?।

उक्त प्रश्न को श्रीमद्भागवत पुराण के माहात्म्य में उत्तरित करते हुए बताया गया है कि इसके श्रवणमात्र से व्यक्ति मुक्त हो जाता है।इस पुराण में एक कथा धुंधकारी की भी है।धुंधकरी बहुत ही बड़े स्तर का कुमार्गी था, जिसकी जलने के कारण अकाल मृत्यु हो गयी थी,इस कारण वह प्रेतयोनि में वर्षों से था,जिसकी मुक्ति के निमित्त उसके एक भाई ,गोकर्ण ने सात पोरों के एक बांस में उसका आह्वान किया और उसे श्रीमद्भागवत कथाएं सुनाया।कथा है कि,प्रतिदिन कथा की समाप्ति पर बांस का एक पोर फट जाता था इस प्रकार सातवें दिन कथाओं की समाप्ति पर बांस का सातवां पोर भी फट गया और उसमें से धुंधकारी की आत्मा बाहर निकल कर परमधाम अर्थात् भगवान् के घर के लिए प्रस्थान कर गया।उसी समय से आज तक यह मान्यता चली आ रही है कि, श्रीमद्भागवत कथाएं सुनने से श्रोताओं को मुक्ति मिल जाती है।उसी समय से कथा की स्थापना के समय सात पोरों के बांस गाड़ने की यह परम्परा चली आ रही है।

अपने जीवनकाल,जिसमें 5–6वर्ष की आयु से अनेक कथास्थलों को देखा,एकबार एक विद्वान् के मुखार्विंद से श्रीमद्भागवत की कथाओं को सुना,एकबार स्वयं पाठ भी किया,पर कहीं भी बांस फटने को कौन कहे,बांस में सिकन तक नहीं दिखी।

ऐसे में यदि श्रीमद्भागवत पुराण माहात्म्य में इसके श्रवण से मुक्ति की बात कही गयी तो इसे मानने या न मानने, दोनों के पक्ष में समान रूप से स्थितियां विद्यमान हैं।

ऐसी स्थिति में एक प्रश्न और उठता है कि यदि यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि श्रीमद्भागवत की कथाओं से श्रवण से मुक्ति नहीं मिलती है,तब भी इन कथाओं का श्रवण,पठन– पाठन करना चाहिए या नहीं?।

वस्तुतः यह सुनिश्चित कर लेने पर भी कि, श्रीमद्भागवत पुराण महात्म्य में जो कुछ भी लिखा है,उसका सत्यापन न हो पाने के कारण या उसमें सत्यापनीय धर्म न होने के कारण वे सब झूंठ का पुलिन्दा भर हैं,फिर उसके अर्थात् श्रीमद्भागवत की कथाओं पठन–पाठन करना ही चाहिए।उनके श्रवण,पठन–पाठन से भले मुक्ति मिलती है,यह प्रमाणित न हो सके,पर उन कथाओं में जिन लोगों का चरित्रचित्रण किया गया है,उनके चरित्र से स्वयं को शिक्षित कर हम उन उचाइयों को छू सकते हैं,जिन्हें उन्होंने छुआ था,या उन संकटापन्न स्थिथितियों से बच सकते हैं,जिन त्रुटियों के कारण उनका जीवनपथ संकटापन्न हुआ था। इन कथाओं का अध्ययन,पठन–पाठन, इनमें वर्णित घटनाओं के माध्यम से जो सीख दी जा रही है,उसे ग्रहण करने के लिए श्रीमद्भागवत की कथाओं का श्रवण,पठन–पाठन,एवं चिन्तन–मनन करना आवश्यक है।ये हमारे वर्तमान के लिए भी उपयोगी हो सकती हैं,इस बुद्धि से इनके पठन–पाठन या श्रवण–मनन की आवश्यकता है।

5–उक्त से सुस्पष्ट है कि मृत्यु के भय से मुक्त होना,आनन्दमय जीवन के लिए अपेक्षित है,न कि जीवन से मुक्ति के लिए।ऐसे में श्रीमद्भागवत की कथाओं का पाठ,श्रवण, मनन एवं निदिध्यासन आदि मृत्यु की विभीषिका से मुक्त होने के लिए करें,ताकि जीवनपथ आनन्दमय हो सके,और इस दृष्टिकोण से भी करें,ताकि श्रीमद्भागवत पुराण में जिन लोगों के उत्थान–पतन की कथाएं हैं,उनके उत्थान के लिए जो कारक रहे हैं,उनका अनुसरण कर हम भी उत्थान की उन उचाइयों को छू सकें जो अतीत में लोगों छुआ था या उन त्रुटियों से बच सकें, जिनके कारण उनका जीवन संकटापन्न हो सका था।

यदि मैं श्रीमद्भागवत के माहात्म्य के विषय को एक पंक्ति में कहना चाहूं तो यही कहूगां कि,श्रीमद्भागवत की कथाओं का श्रवण,मनन,निदिध्यासन एवं पठन–पाठन,जीवन के लिए करना चाहिए, मुक्ति के लिए नहीं। यह जीवन के लिए उपयोगी है,इसका परीक्षण किया जा सकता है,हां यह कपोल कल्पना की जा सकती है कि इनसे मुक्ति भी मिलती है।

आप सब श्रीमद्भागवत की कथाओं को हृदयङ्गम करें,मुक्ति के लिए नहीं अपितु यशोमय ढङ्ग से अर्जित शुभ के माध्यम से आनन्दमय जीवन के लिए,इसी कामना के साथ–

शिवशंकर द्विवेदी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

हिन्दू देव प्रकाश शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह एवं अन्य मंत्रियों से किया भेंट

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सभी लोगों ने लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश योगी सरकार के प्रमुख मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह एवं कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार दीदी गुलाबो देवी मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं उत्तर प्रदेश प्रवक्ता बहन साक्षी दीदी अपना दल के जिला अध्यक्ष देवरिया संजय सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रोशनी शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश महिला प्रकोष्ठ तूलिका त्रिपाठी प्रदेश संगठन मंत्री सोनी पांडे उत्तर प्रदेश प्रदेश सचिव अमित शुक्ला मंडल सचिव लखनऊ आशीष अवस्थी एवं महिला कार्यकारिणी सदस्य कमला चौधरी श्याम रानी साहू एवं रेनू शुक्ला आदि कई पदाधिकारियों ने उन सभी को भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत की बहुत–बहुत एवं प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह ने राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार की सराहना की एवं भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया एवं समस्त मंत्रियों ने राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार का आभार व्यक्त किया

शुभकामनाएं दी और भविष्य में भी सरकार को राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार यथावत अपना सहयोग प्रदान करता रहेगा ऐसा आश्वासन समस्त मंत्रियों को दिया तथा उन सभी से आश्वासन लिया कि पूर्व से भी अच्छा शासन यह सभी मंत्री चलाएंगे और उत्तर उत्तर प्रदेश को और भी उत्तम बनाने में सभी मंत्री और विधायक अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करके योगी और मोदी का नाम विश्व पताका की तरह के लहराएंगे।

बीकेटी विधायक योगेश शुक्ल का समारोह पूर्वक किया गया स्वागत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमती नगर जनकल्याण महासमिति से संबद्ध विक्रांत खंड जनकल्याण समिति के तत्वावधान में बीकेटी के यशस्वी विधायक योगेश शुक्ल का स्वागत समारोह एवं होली मिलन आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के संयोजक महासमिति के सचिव कर्नल ए एन पाण्डेय है विधायक जी ने कहा कि हमारे चुनाव में इस क्षेत्र में मुख्य रूप से महासमिति ने हमें पूर्ण सहयोग दिया है और इस क्षेत्र में जीत का श्रेय सिर्फ महासमिति को जाता है एवं माननीय विधायक जी ने सभी महासमिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं का बहुत–बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त किया और यह आश्वासन दिया है कि मैं इस क्षेत्र के लिए हमेशा आपकी सेवा में उपस्थित रहूंगा । उक्त कार्यक्रम में महासमिति के अध्यक्ष डॉ बीएन सिंह, महासचिव राघवेन्द्र शुक्ल सचिव सीजी नायर, आरएन त्रिवेदी, नंदिनी मिश्रा,अजय तिवारी,मनोज कुमार मिश्रा,ऋतु राज तिवारी,विक्रांत खंड 1 के सचिव संजय मिश्रा,रविन्द्र सिंह,राम हर्ष,प्रकाश नारायण,नरेंद्र गुप्ता,प्रतिभा शाही,मोनिका कुमारी,धर्मेंद्र

सोनी,राकेश सिंह,अरुणेंद्र त्रिपाठी,रामनाथ शुक्ल,भागवत मिश्रा, के एस त्रिपाठी,अविनाश पांडे एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता की उपस्थिति रही। अंत में अल्पाहार करके सभी ने प्रस्थान किया।

महिला पीजी कॉलेज की टीम अव्वल : रोवर्स रेंजर्स समागम में प्रथम स्थान लाकर पीयू का नाम किया रोशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजकीय महिला पीजी कॉलेज की प्रज्ञा रेंजर टीम ने विगत दिनों आयोजित तीसवां वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय रोवर रेंजर समागम में रेंजर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह आयोजन डीएवी कॉलेज आजमगढ़ में विगत 24 और 25 मार्च को हुआ था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य और कुलसचिव महेंद्र कुमार ने बधाई दी। दो दिवसीय समागम में 20 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें महाविद्यालय की प्रज्ञा रेंजर टीम ने पोस्टर निबंध रोल प्ले, स्किल वो रामा, लोक गीत नाटक व्याख्यान पुल निर्माण, टेंट निर्माण, सैड स्टोरी, वर्दी और लाइट गेम समेत कुल 13 प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि झांकी में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रेंजर्स में चौंपियन बनी। वही डीएवी आजमगढ़ और राम नरेश पीजी कॉलेज मऊ की रेंजर टीम, संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहीं। इस समागम में जनपद आजमगढ़, जौनपुर, मऊ गाजीपुर की जनपद विजेता उपविजेता समेत कुल 9 टीमों ने प्रतिभाग किया था। विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ प्रदीप शर्मा कुलपति महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़, पूर्वांचल विश्वविद्यालय रोवर संयोजक आयोजन सचिव डॉ पंकज सिंह ने पुरस्कार विजेता रेंजर्स मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रभारी डॉ शिवकुमार टीम लीडर सविता रावत उपलीड जागृति

जैन चौंपियन प्राप्त किया विश्वविद्यालय चौंपियन होने के पश्चात प्रज्ञा रेंजर्स टीम चौंपियन में प्रतिभाग करने अगले दिन डीएवी पीजी कॉलेज बड़ागांव वाराणसी प्रस्थान कर दी। टीम को लगातार दो बार पूर्वांचल विश्वविद्यालय रेंजर्स चौंपियन मनीष सोनकर निरंजन यादव समेत सभी महाविद्यालय परिवार के जिला प्रशिक्षण आयुक्त दिनेश सिंह यादव प्रमोद यादव जनपद टीचर रेंजर रेंजर प्रभारी डॉ शिवकुमार, श्रीराम कुशवाहा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

गैर बीजेपी राज्य सरकारों द्वारा पुरानी पेंशन की बहाली का लिया गया निर्णय : इप्सेफ

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन (इप्सेफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वी पी मिश्रा ने बताया कि गैर बीजेपी राज्य सरकारों के मुख्यमंत्री एवं देश भर के लोकसभा राज्यसभा सदस्यों को पत्र भेजकर आग्रह किया था कि पुरानी पेंशन बहाली की जाए जिसके तहत राज्य की सरकारों द्वारा निर्णय लेना प्रारंभ कर दिया है। लगभग 100 एम पी ने भीप्रधानमंत्री जी को पत्र लिखा है और लोकसभा राज्यसभा सदन में चर्चा करने का प्रयास कर रहे हैं। राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रेम चंद्र ने बताया कि देश भर के सभी कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली के पक्ष में हैं और इसके लिए आंदोलन भी कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली राष्ट्रीय मुद्दा बन गया है और प्रधानमंत्री जी से पुनः विनम्र आग्रह किया है कि देश भर के कर्मचारियों की आवाज पीड़ा को समझकर निर्णय करें। अंग्रेजों की सरकार से पेंशन मिल रही थी व्यापार के कारण उन्हें इस सुविधा को समाप्त करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार कोई व्यापारिक संस्था नहीं है जो घाटा मुनाफा देखें। उसे कई ऐसी योजनाएं चलानी पड़ती है जिससे कोई आस नहीं होती है। इसी के तहत केंद्र सरकार गरीबों को मुफ्त राशन एवं अन्य सुविधाएं दे रही है। राष्ट्रीय सचिव श्री अतुल मिश्रा ने कहा कि निरंतर बढ़ रही महंगाई से वैसे भी कर्मचारी परिवार परेशान हैं पेट्रोल–डीजल गैस एवं खाद्य सामग्री में बढ़ोतरी से तो वेतन भोगी कर्मचारी को परिवार का भरण पोषण करना कठिन हो गया है। चिंता का विषय है कि सेवानिवृत्त कर्मचारी को जब टेंशन भी नहीं मिलेगी तो उसकी रोटी कैसे चलेगी। प्रधानमंत्री जी को चिंतन करना चाहिए कि सबको पेंशन कर्मचारियों को पुरानी पेंशन क्यों नहीं। इप्सेफ ने उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों को धन्यवाद दिया है जिन्होंने पुरानी पेंशन की बहाली का निर्णय लिया है। आशा है कि केंद्र सरकार इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार कर निर्णय करेगी।

योगी के बाद मोदी सरकार ने भी बढ़ाई मुफ्त राशन योजना की मियाद, 81 करोड़ लोगों को बड़ी राहत, 6 महीने तक मिलता रहेगा फ्री राशन

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : योगी सरकार के बाद मोदी कैबिनेट ने भी बड़ा फैसला लिया है. कैबिनेट ने च्ड गरीब कल्याण योजना को 6 महीने बढ़ाने का फैसला लिया है. केंद्र के इस फैसले से देश के 81 करोड़ से अधिक लोगों को एक बार फिर से राहत मिली है. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी. उन्होंने ट्विटर पर लिखा, भारतवर्ष का सामर्थ्य देश के एक–एक नागरिक की शक्ति में समाहित है. अब इस शक्ति को और मजबूत बनाने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की मियाद 6 महीने बढ़ाने का फैसला लिया है. अब देश के जरूरतमंदों को सितंबर 2022 तक मुफ्त राशन मिलता रहेगा। कोरोना महामारी के चलते देश में लगे लॉकडाउन में PM गरीब कल्याण अन्न योजना को 2020 मार्च में शुरू किया गया था. शुरू में यह योजना अप्रैल से जून 2020 तक के लिए थी. फिर इसे बढ़ाया गया और नवंबर 2021 तक के लिए इसे लागू किया गया. इस तरह से यह योजना लगातार बढ़ रही है. गरीब कल्याण योजना के तहत 81 करोड़ लोगों को 5 किलो गेहूं या चावल के साथ एक किलो चना हर महीने दिया जाता है. यह अनाज राशन की दुकानों के माध्यम से लोगों को मिलता है।

HM अमित शाह ने 'द कश्मीर फाइल्स' पर दी प्रतिक्रिया : कांग्रेस पर साधा निशाना

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : देश भर में अपनी रिलीज के बाद से ही सुर्खियां बटोरने वाली फिल्म द कश्मीर फाइल्स का जादू अभी भी लोगों के बीच बरकरार है. पहले दिन से ही जहां यह फिल्म कमाई के नए रिकॉर्ड बनाती नजर आ रही है, तो वहीं दूसरी ओर इस फिल्म को देख कई जाने– माने लोग इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते नजर आ रहे हैं. इसी बीच अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दी इस फिल्म पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. अमित शाह ने कहा कि लोगों को यह जानने के लिए फिल्म द तस्वीर फाइल्स देखनी चाहिए कि किस तरह से कांग्रेस शासन के दौरान कश्मीर घाटी में अत्याचार और आतंक ने कब्जा कर लिया था। दरअसल, केंद्रीय मंत्री ने अहमदाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में फिल्म पर अपने विचार रखे. इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने इस फिल्म को नहीं देखा है, उन्हें यह जानने के लिए फिल्म देखनी चाहिए कांग्रेस के शासन के दौरान कैसे अत्याचार और आतंक ने कश्मीर को जकड़ लिया था।

होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

शाहजहांपुर ब्यूरो : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, शाहजहॉपुर की ओर से रविवार को राय विशुन दयाल इण्टर कॉलेज, हुसैनपुरा, में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया , जिसमें प्रदेश अध्यक्ष इन्द्रसेन श्रीवास्तव , प्रदेश महामंत्री श्याम चन्द्र श्रीवास्तव जी एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष गौरव सक्सेना जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी प्रदेश पदाधिकारियों का शाल ओढाघ्कर एवं पुष्प बमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय सक्सेना तथा आयोजक बालकृष्ण श्रीवास्तव, कृपाशंकर सक्सेना, पवन कुमार सक्सेना, अवनीश कुमार सक्सेना, प्रमोद कुमार सक्सेना, रमेश सक्सेना रहे । कार्यक्रम में प्रशांत सक्सेना, मुकेश श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, पवन सहाय, गौरव श्रीवास्तव, सुधांशु सक्सेना, डॉ. विजय जौहरी, नीरज सक्सेना, आकाश सक्सेना, प्रवीन सक्सेना, संचित श्रीवास्तव, अनुज श्रीवास्तव , शिवांश सक्सेना , विक्रम श्रीवास्तव , शैलेश श्रीवास्तव, कु. विजया सक्सेना आदि का

विशेष योगदान रहा । कार्यक्रम में चित्राँश परिवारों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढाघ्यी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरोज श्रीवास्तव तथा कार्यक्रम का संचालन प्रशांत सक्सेना ने किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डॉ. अम्बिका श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम रहे।इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे कायस्थ समाज लोगों ने कार्यक्रम में सहभागिता कर होली मिलन समारोह के कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया।

मिस्टर–मिस इंडिया और यूपी गॉट टैलेंट सीजन 14 का हुआ आयोजन

मेरठ पत्रकार विवेक जैन : वीनस गार्डन मेरठ में उत्तर भारत के प्रसिद्ध एमएल फिल्म प्रोडक्शन द्वारा मिस्टर–मिस इंडिया 2022 और यूपी गॉट टैलेंट सीजन–14 का आयोजन किया गया। टैलेंट शो में हिमाचल, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश राज्यों से आये सैंकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। मिस इंडिया का खिताब उत्तराखंड की वैष्णवी श्रीवास्तव ने अपने नाम किया, आंचल शर्मा रनरअप रही और गौरी श्रीवास्तव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मिस्टर इंडिया का खिताब हिमाचल प्रदेश के राज ठाकुर ने जीता, रनरअप हरिद्वार के आदित्य कुमार रहे और रायबरेली के पंकज कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। फैज ए आम इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल अली जान और नगर निगम के वाइस चेयरमैन इकराम बालियान मुख्य अतिथि और सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में बिग बॉस शो और इंडियन रियलिटी शो एमटीवी रोडिज के विनर आशुतोष कौशिक उपस्थित रहे। विशाल त्यागी व गौरी शर्मा मॉडलिंग और एकता गुप्ता व सादिक अख्तर ने डांसिंग जज की भूमिका अदा की। क्राउन पार्टनर अमित गर्ग एजीएस समूह, रील स्टार साहिल गौतम, सलमान अली, काशिफ राजा, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत ने टैलेंट शो में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। शोज टॉपर प्रदीप, तनुश्री व करिश्मा रहे। टैलेंट शो के शानदार

आयोजन के लिए सभी अतिथियों ने शो के डायरेक्टर सरफराज सैफी और आयोजक रोहित कुमार लिसाड़ी की प्रशंसा की। टैलेंट शो को सफल बनाने में मेकअप आर्टिस्ट – शिवानी, सिमरन पाल, दीपशिखा, अलीना कौर, वर्षा श्रीवास्तव, फैशन डिजाईनर मौहम्मद जावेद, सोभा राजपूत, फैशन – कोरियोग्राफर मौहम्मद वसीम, एंकर – अमित पंवार, शिवानी शर्मा, रेनू मेटियांन, जाकिर हुसैन, विपुल जैन, सचिन नामदेव, अनिल कुमार, प्रवीण कुमार, अनुज ठाकुर, एम सागर, एमए हाशमी, एस मलिक, अमरीन अली खान, जोसेफ खान, मोना सहगल, बिल्लू सैफी, नीतीश कुमार, अंकित कुमार, विशाल चौधरी, सुहेब मलिक, परमजीत, आदि का अहम योगदान रहा।

प्रथम चक्र में होने वाले नियमित खाद्यान्न वितरण की तिथि 31 मार्च तक

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराय है कि माह–मार्च, 2022 के प्रथम चक्र में होने वाले नियमित खाद्यान्न वितरण के अन्तर्गत 06 मार्च 2022 से 28 मार्च 2022 तक निर्धारित की गयी थी, किन्तु जनपद के कुछ ब्लाकों में उचित दर विक्रेताओं को निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत विपणन गोदामों से खाद्यान्न तथा साबुत चना, आयोडाइज्ड नमक एवं रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल का निर्गमन न होने के कारण जनपद के समस्त लाभार्थियों को उपरोक्त वस्तुओं का वितरण 28 मार्च 2022 तक कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में शासन के द्वारा उठान/वितरण की तिथि 31 मार्च 2022 तक विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (20 किग्रा0 गेहूँ व 15 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट (03 किग्रा0 गेहूँ व 02 किग्रा0 चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों को सुनिश्चित कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न के साथ–साथ आयोडाइज्ड नमक, दाल/साबुत चना, खाद्य तेल (यथा सरसों तेल/रिफाइंड ऑयल) निःशुल्क वितरण किया जायेगा। प्रत्येक अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारक को 01 किग्रा0 आयोडाइज्ड नमक, 01 किग्रा0 साबुत चना तथा 01 लीटर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। राशनकार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत 31 मार्च 2022 तक उक्तानुसार पाँचों सामग्री एक साथ प्राप्त करने की सुविधा उचित दर विक्रेता के स्टॉक में उपरोक्त वस्तुओं की उपलब्धता की सीमा तक अनुमन्य रहेगी। उक्त योजना के वितरण की अन्तिम तिथि 31 मार्च 2022 होगी। अतः पूर्व निर्धारित तिथि 28 मार्च 2022 एवं 31 मार्च 2022 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरिफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जायेगा। तत्क्रम में जनपद के उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार खाद्यान्न व अन्य आवश्यक सामाग्रियों का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये। यह भी अवगत कराना है कि माह–मार्च, 2022 के सापेक्ष प्रधानमन्त्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण नियमित वितरण के समाप्त होने के उपरान्त शासन द्वारा निर्धारित तिथि से प्रारम्भ होगा।

पुलिस मुठभेड़ में चार अंतर राज्यीय लुटेरे बदमाश गिरफ्तार : दो के पैर में लगी गोली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली थाना अंतर्गत शनिवार दे रात पुलिस व एस0ओ0जी सर्विलांस की संयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में लूट की योजना बनाते हुए अन्तर्राज्जीय लुटेरा गैंग के चार कुख्यात अपराधी गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान 2 बदमाशों के पैर में गोली लगी है ।पुलिस ने इनके कब्जे से एक पिस्टल .32 बोर, 03 देशी तमन्चा व भारी मात्रा में कारतूस व चार मोबाइल 2950 रोये सहित दो मोटरसाइकिल बरामद किया है। रविवार को इस मामले में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ सजंय कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार के दिशा निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर जितेन्द्र कुमार दूबे के नेतृत्व में रात्रि में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सतीश कुमार सिंह रसूलाबाद तिहारे पर घेरा बन्दी करके संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग कर रहे थे उसी समय प्रभारी एस0ओ0जी0 उ0नि0 आदेश त्यागी व प्रभारी सर्विलांस रामजन्म यादव द्वारा संयुक्त रुप सें चेकिंग की जाने लगी कि शकरमण्डी तिराहे की तरफ से दो मोटरसाइकिल तेजी से आती हुई दिखाई पड़ी, जिन्हें पुलिस द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो मोटरसाइकिल सवार बदमाश पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए चौकिया धाम की ओर भागने लगे जिनकी गोली सर्विलांस प्रभारी उ0नि0 रामजन्म यादव की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी । बदमाश अन्धाधुन्ध फायर करते हुए मोटरसाइकिल से रेलवे लाइन के किनारे की तरफ भागने लगे कि पुलिस पार्टी द्वारा फायरिंग की गयी जिससे दो बदमाशों के पैर में गोली लगी जो मोटरसाइकिल सहित गिर गये तथा दो बदमाश मोटरसाइकिल से कूदकर रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियो में छिपते हुए भागने लगे, जिन्हें घेरकर पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया । घायल बदमाशो के नाम पता पूछे गये तो एक नें अपना नाम सौरभ कुमार पुत्र अरविन्द कुमार निवासी सुल्तानपुर थाना अद्यौगिक क्षेत्र, वैशाली बिहार बताया दूसरा अभियुक्त अपना नाम मनीष कुमार पुत्र अनिल सिंह निवासी रहिमापुर थाना बिद्दूपुर जनपद वैशाली बिहार होना स्वीकार किया ।

गिरफ्तार अन्य दो अभियुक्तों में अरविन्द सिंह पुत्र स्व0 जोगेन्द्र सिंह निवासी ग्राम तरसंद थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर व शिवम कुमार पुत्र वीरचन्द्र प्रसाद निवासी सुल्तानपुर थाना औद्योगिक क्षेत्र जनपद वैशाली (बिहार) है । पकड़े गये बदमाशों से पूछताछ करने पर बताये कि हमलोग मो0 सलीम खाँ ब0स0पा0 प्रत्याशी के संरक्षण में उसके गेस्ट हाउस में रुक–कर कई दिन से शहर के महत्वपूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठानो जैसे गहना कोठी , कीर्ती कुन्ज ज्वेलर्स आदि की रैकी कर रहे थे और योजना बनाकर हमलोग लूट की बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए शहर की तरफ निकले थे कि हमे पकड़ लिया गया। घायल बदमाश सौरभ कुमार व मनीष कुमार को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के उपरान्त चिकित्सक द्वारा बेहतर इलाज हेतु ट्रामा सेंट बीएचयू रेफर कर दिया गया । अभियुक्त मनीष कुमार बिहार के थाना महुआ से सम्बन्धित कांड में वांछित अभियुक्त है । अभियुक्तो की गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अपराधियों के ऊपर बिहार सहित अन्य जनपदों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बदमाशों द्वारा पूछताछ में बसपा नेता व विधानसभा प्रत्याशी सलीम खान के घर पर रुकना और रेकी करना बताया गया है जबकि अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय कुमार द्वारा जारी बयान में बसपा नेता का कहीं जिक्र नहीं किया गया है ऐसे में विज्ञप्ति और बयानों में विरोधाभास नजर आ रहा है जो पूरी तरह से मामले को संदिग्ध बनाता है।

थाना मछलीशहर पुलिस ने 05 वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर, महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर श्री अवनीश कुमार राय के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री रमाशंकर दूबे, व0उ0नि0 श्री रामप्रवेश कुशवाहा, उ0नि0 श्री चन्दन कुमार, उ0नि0 श्री धनन्जय कुमार राय द्वारा हमराही कर्मचारीगण के साथ अलग अलग प्रकरणों में कुल 5 नफर वारण्टियों की गिरफ्तारी की गयी, गिरफ्तारशुदा वारण्टियों को नियमानुसार मा0 न्याया0 के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है । विवरण निम्नवत् है– गिरफ्तार अभियुक्त 1. मो0 मुस्तफा पुत्र मो0 हबीब निवासी तिलौरा थाना मछलीशहर,जौनपुर एनबीडबल्यू वारंट मा0 न्याया0 जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 6122/20 धारा 188/269/270 भा.द.वि. 2. राकेश कुमार मौर्या पुत्र गिरजाशंकर नि.काजी का पुरा थाना मछलीशहर,जौनपुर एनबीडबल्यू वारंट मा0 न्याया0 जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 6186/20 धारा 138 एनआई एक्ट 3. बसन्तु पुत्र रामदुलार उपाध्याय निवासी आयर थाना मछलीशहर, जौनपुर मा.न्यायालय स्पेशल SC/ST जौनपुर द्वारा जारी गिरफ्तारी वारण्ट सम्बन्धित मु0अ.सं. 82/11 धारा 323, 504, 506 भा.द.वि. 3(1) SC/ST Act 4. छोटेलाल पुत्र श्रीराम नि.नन्दलाल का पुरा थाना मछलीशहर, जौनपुर मा. न्यायालय सीजेएम द्वारा जारी गिरफ्तारी वारण्ट सम्बन्धित मु0अ.सं. 14430/20 धारा 147, 323, 325, 336, 427, 504, 506, 382 भा.द.वि. 5. श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी राजेश कुमार नि.टेकारडीह थाना मछलीशहर,जौनपुर वारण्ट सम्बन्धित मु.नं. 360/20 धारा 323/504 भा.द.वि. है।

5 कक्षीय कुटुम्ब न्यायालय भवन का किया गया शिलान्यास

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद न्यायालय जौनपुर में 27 मार्च 2022 को 5 कक्षीय कुटुम्ब न्यायालय भवन का शिलान्यास माननीय न्यायमूर्ति श्री राजेश बिन्दल, मुख्य न्यायाधीश माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की आभासी उपस्थिति में, माननीय न्यायमूर्ति श्री राहुल चतुर्वेदी, प्रशासनिक न्यायाधीश सत्र सम्भाग जौनपुर एवं माननीय न्यायमूर्ति श्री चन्द्र

कुमार राय की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कुटुम्ब न्यायालय भवन हेतु भूमि पूजन कर इसकी आधारशिला माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति सत्र सम्भाग जौनपुर के कर कमलों से रखी गयी। वादकारियों की सुगमता हेतु शीघ्र ही 5 कक्षीय कुटुम्ब न्यायालय भवन की इमारत पृथक रूप से तैयार होकर उपलब्ध होगी। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश, जौनपुर एम0पी0 सिंह, न्यायाधीश, परिवार न्यायालय प्रधान सत्यप्रकाश, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर मनोज कुमार सिंह गौतम, अध्यक्ष अवस्थापना उपसमिति/अपर जनपद न्यायाधीश, जौनपुर रमेश दूबे, जिलाधिकारी, जौनपुर मनीष वर्मा, पुलिस अधीक्षक, जौनपुर अजय कुमार साहनी एवं समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, जनपद न्यायालय, जौनपुर व अन्य सम्मानित प्रशासनिक अधिकारीगण जौनपुर की उपस्थिति रही।

तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार को सामने से मारी टक्कर : दो घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाना क्षेत्र के सेवईनाला बाजार में बीती देर रात में एक अज्ञात बोलेरो ने बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दिया। टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। मौके पर पहुची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जहां एक कि हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती देर में सदर कोतवाली क्षेत्र के खासनपुर निवासी मुन्ना गोस्वामी अपनी बाइक पर पन्ना गोस्वामी को बैठाकर केराकत से वापस शहर के तरफ लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक सवार जैसे ही जौनपुर– केराकत मार्ग स्थित सेवईनाला बाजार पहुचा तभी सामने से आ रही एक अज्ञात तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार को सामने से तेज टक्कर मार दिया। टक्कर तेज होने के कारण वही सड़क पर ही बाइक सवार मुन्ना गोस्वामी 40 व पन्ना लाल गोस्वामी 71 निवासी खासनपुर थाना क्षेत्र कोतवाली सदर गिरकर घायल हो गए। दोनो को सिर में गंभीर चोट आई। टक्कर की आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुचे तब तक अज्ञात बोलरो टक्कर मारने के बाद केराकत की तरफ फरार हो चुका था। स्थानीय लोगों ने दृर्घटना की सूचना जफराबाद थाने की पुलिस व 108 एम्बुलेंस पर दिया। मौके पर पहुची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जिला अस्पताल के चिकित्सको ने मुन्ना गोस्वामी की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मुन्ना गोस्वामी की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर थाना प्रभारी जफराबाद योगेंद्र सिंह ने कहा कि दृर्घटना की जानकारी मिली है। मौके पर पुलिस भी पहुची थी। यदि घायलों के परिजनों द्वारा तहरीर दी जाती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

सराय देवा प्राथमिक विद्यालय पर जाने वाले रास्ते पर गिरा पेड : बाल बाल बचे बच्चे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्राम पंचायत सराय देवा के प्राथमिक विद्यालय पर जाने वाले रास्ते पर सुबह पौने नौ बजे एक विशाल काय आम का पेड गिर गया। गनीमत रही की स्कूल जाने वाले बच्चे इसकी चपेट मे नही आये नही तो बडा हादसा हो सकता था फिलहाल स्कूल जाने वाला रास्ता बंद हो गया है बता दे मछलीशहर ब्लाक के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सराय देवा मे गोधना जरौना मार्ग से प्राथमिक विद्यालय तक इण्टरलाकिंग का रास्ता गया है जिस रास्ते से होकर बच्चे अध्यापक व ग्रामीण आते जाते है सोमवार की सुबर पौने नौ बजे अचानक इण्टरलाकिंग के रास्ते पर एक आम का पेड गिर गया उस समय कुछ बच्चे उसी रास्ते से गुजर रहे थे पेड गिरने का आहट से बगल के दुकानदार महेन्द्र पाल ने सतर्कता दिखाते हुए बच्तो को वहा हटा दिया नही तो बडा हादसा हो सकता है पेड गिरते ही स्थानीय लोग किसी अनहोनी की आशंका को लेकर दौड पडे जब उन्हे पता चला की कोई पेड की चपेट मे नही आया तो लोगो ने राहत की सास ली सफाई कर्मी अनिरुद्ध मौर्य व पुर्व प्रधान जितेन्द्र सिह ने बताया की स्कूल जाने का समय था बच्ते जा रहे थे गनीमत रही की कोई इसकी चपेट मे नही आया ।स्कूल जाने वाला रास्ता अवरुद्ध हो गया है । पेड हटाया जा रहा है।

रामपुर कटाहित से घुमन्तु पशु पहुचे सहनी गौशाला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास खण्ड के रामपुर कटाहित गाव में किसान की फसल को नुकसान पहुंचाने वाले जानवरों को ग्रामीणों के सहयोग से पिक अप में लादकर सहनी गौशाला में ग्राम पंचायत सचिव ने पहुचा दिया है।अमर उजाला ने रविवार के अंक में खबर को प्रमुखता से छापा था। उक्त गाव में घूमने वाले जानवरो से किसान परेशान थे।रातभर जागकर अपनी फसल की रखवाली करते थे।इस बावत बी डी ओ से शिकायत की गई थी। मामले में महज खानापूर्ति कर दी गई थी।ग्रामीणों की समस्या को अमर उजाला ने रविवार को अपने अंक में प्रकाशित किया तो प्रशासन हरकत में आया और खण्ड विकास अधिकारी अस्मिता सेन के निर्देश पर ग्राम पंचायत सचिव गाव में पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से जानवरों को पिक अप में लादकर सहनी गौशालाओं में पहुचा दिया है।जानवरों के गौशाला में जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

गर्मी से बेहाल है लोग : जिम्मेदार साधे बैठे है चुप्पी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरकार की हर घर जल योजना ,पानी बचाओ ,आदि अभियान का कोई असर सुजानगंज के नागौली ग्राम सभा में दिखाई नहीं पड़ रहा है जहा पर विगत दो वर्षो से बिगड़े सरकारी नल पर किसी भी अधिकारी का ध्यान नहीं गया।जबकि यही नल परीक्षा दिलाने आने वाले अभिभावकों के पानी का मुख्य स्रोत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगौली ग्राम सभा के निवासी कालिका प्रसाद चौरसिया के घर के बगल एक सरकारी नल है ।परंतु किसी कारणवश यह नल जमीन में धस गया है और पानी भी नही दे रहा है ।कालिका प्रसाद चौरसिया ने बताया की हमने इसकी कई बार शिकायत वर्तमान ग्राम प्रधान दुलारी देवी और सचिव शैलेंद्र पटेल से की लेकिन वे इस पर कोई कार्य नहीं कर रहे है।जबकि यह नल करीब दस परिवार और दुकानदारों के पानी का स्रोत है।जब भी प्रधान से कहा जाता है वह हमेशा हीलाहवाली करते रहते है। यह नल बदलापुर और प्रयागराज हाईवे के बगल स्थित है और इसके पास ही एक विशालकाय बरगद का भी पेड़ है जिससे राहगीर रुककर पानी पीते थे परंतु अब उनको भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में पेपर दिलवाने आने वाले कुंदहा निवासी विपिन यादव ने कहा की नल खराब होने के कारण लोग पानी खरीदकर पीने के लिए मजबूर है।जबकि यह नल सार्वजनिक स्थान पर होने के कारण सबके लिए महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय पी जी कॉलेज की छात्रा सीमा पटेल ने कहा की जब तक कॉलेज में है तो ठीक है लेकिन बाहर नल खराब होने की वजह से पानी की समस्या होती है और पीने के लिए पानी खरीदना पड़ता है।

शिकायत करने पर पत्रकार को सेक्रेटरी ने धमकाया : कहा – बुलडोजर लेकर आएंगे घर गिरवा देंगे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय मछली शहर ब्लॉक के रामपुर गांव निवासी पेशे से पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार पांडे ने गांव में छुट्टा पशुओं के ऊपर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया था। जिसकी शिकायत के परिपेक्ष में ग्राम विकास अधिकारी सुशील कुमार उपाध्याय ने रिपोर्ट लगाया था कि गांव में कोई भी आवारा पशु नहीं घूम रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि आवारा पशु आज भी गांव में घूम रहे हैं। और इस बात को समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया कि गांव में आवारा पशु घूम रहे हैं और जिम्मेदार जिम्मेदारियों से बचने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर गलत सूचनाएं दे रहे हैं ।सुबह समाचार पढ़कर तमतमाये ग्राम पंचायत अधिकारी ने शिकायतकर्ता पत्रकार की मोबाइल पर धमकी दिया कि श्याद आपका घर ग्राम समाज की जमीन में बना है और बुलडोजर से गिरा देंगे ।आप सावधान हो जाइए ।जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि उनका घर अपनी भूमि में बना हुआ है ।ग्राम पंचायत अधिकारी शिकायत के वजह से उनसे खार खाए हुए हैं और लोगों से धमकी भी दिलवा रहे हैं ।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी सुष्मिता राय का कहना है कि जानकारी मिली है मामले की जांच करवाई जा रही है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी ।ग्राम पंचायत अधिकारी फोन करने पर फोन नहीं उठाए। कल करेंगे तहसील में प्रदर्शन और सौंपेंगे ज्ञापन। मुंगरा बादशाहपुर में पत्रकारों की बैठक में निर्णय लिया गया है कि कल मछली शहर क्षेत्र के सभी पत्रकार उप जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे और संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का ज्ञापन देंगे और निलंबन की मांग करेंगे ।पत्रकारों के बैठक के दौरान पत्रकार संघ मछली शहर के अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह चंद्र प्रकाश मिश्रा दीपक शुक्ला अमित शुक्ला सत्य नारायण यादव जफर नानक दुबे समेत दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

असहाय लोगो को कराया गया भोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : फेसबुक के माध्यम से जिला अपराध निरोधक कमेटी के उपाध्यक्ष प्रोफेसर आर एन त्रिपाठी ने कहा कि पिछले दो वर्षों में हम सभी ने आज के दिन कर्फ्यू का खूब प्रचार प्रसार किया था और लोगो ने उसका अनुपालन भी किया था तो क्यो न आज के दिन हम कम से कम दो निशक्त लोगो को भोजन कराएं उपाध्यक्ष के इन्ही बातों से प्रेरित होकर जिला उपमन्त्री एजाज अहमद ने अपने निज आवास पर दर्जनों लोगों को भोजन कराया और अन्य थाना कमेटियों से आहवाहन किया कि समस्त थाना कमेटी कम से कम दो निःशक्त लोगो को भोजन अवश्य कराए तथा उपमन्त्री ने कहा कि उपाध्यक्ष जी के सामाजिक पहल को आगे भी अनुपालन किया जाएगा उक्त अवसर पर रतन लाल मौर्या, दिलबहार, मीरु, अर्जुन मौजूद रहे।

पिटाई के दौरान गंभीर रूप से घायल जेसीबी चालक की हुई मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय थाना क्षेत्र के देहुआ गांव स्थित त्रिशूल मार्का ईट भट्टे पर बाराबंकी जिले के रामनगर थाना अंतर्गत बिलखिया गांव निवासी राहुल मिश्रा पुत्र रविंद्र उम्र 25 वर्ष जो कई वर्षों से उक्त भट्टे पर जेसीबी चलाने का कार्य करता था। आरोप है कि बीते 13 मार्च को मामूली विवाद को लेकर भट्टा मालिक व उसके समर्थकों द्वारा बर्बरता पूर्वक उसकी पिटाई कर दी गई थी और पिटाई के दौरान उसे छत पर से नीचे फेंक दिया गया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद से ही जेसीबी चालक घटना की सूचना अपने परिवार वालों को देने के लिए कहता रहा लेकिन भट्टा मालिक द्वारा उसकी एक ना सुनी गई। वही घटना के दूसरे दिन किसी तरह से गंभीर रूप से घायल राहुल घटना की सूचना अपने परिजनों को दी। सूचना पर परिजन उक्त भट्टे पर पहुंचकर घायल को स्थानीय थाने पर ले गए जहां पर गंभीर रूप से घायल राहुल के भाई आशीष ने चार लोगों के खिलाफ बर्बरता पूर्वके पिटाई करने, जान से मारने का प्रयास व पिटाई के दौरान छत से नीचे फेंकने का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर दी। वही तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल राहुल को उपचार के लिए स्वास्थ केंद्र रामपुर भेज दिया। जहां प्रथम उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल होने के कारण जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने भी राहुल को निजी अस्पताल में दिखाने की बात कहकर रेफर कर दिया। वही परिजन गंभीर रूप से घायल राहुल को बेहतर उपचार के लिए बाराबंकी के एक निजी अस्पताल में उपचार करा रहे थे जहां उपचार के दौरान 15 दिन बाद शनिवार की रात उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई आशीष का आरोप है कि पुलिस मुकदमा के धारा में कोई परिवर्तन नहीं कर रही है, वही आरोपित खुलेआम घूम रहे हैं। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष राजनारायन चौरसिया ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

ट्यूटर अकाउंट पर पुलिस की छवि धूमिल करने के आरोप में एक पर केस दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ट्यूटर एकाउंट पर पुरानी वीडियो अपलोड कर पुलिस की छवि धूमिल करने के आरोप में पुलिस एक पर जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। प्रकरण को संजीदगी से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने स्वयं अपने तैनाती थाने पर केस दर्ज कराया है! उन्होंने आरोप लगाया है कि सतीश निवासी जौनपुर द्वारा अपने मोबाइल फोन से ट्यूटर एकाउंट पर जाकर एक पुरानी वीडियो जो ग्वालियर मध्य प्रदेश पुलिस की है जिसमें महिलाओं को पुलिस द्वारा डंडे से मारा जाना दिखाया गया है। इसी वीडियो को कोतवाली क्षेत्र के देवरिया गाँव की घटना से जोड़ते हुए झूठी घटना दिखाकर आम जनमानस में विद्वेष फैलाने तथा पुलिस की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से ट्यूट किया है । जिसे प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा द्वारा रविवार को ट्यूटर एकाउंट पर देखा तथा सतीश निवासी जौनपुर के खिलाफ जालसाजी तथा आई टी एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया।

धारा 83 के तहत कुर्की के साथ हुई विजेंद्र सिंह उर्फ प्रिंस की गिरफ्तारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रविवार की शाम केराकत कोतवाली के घुरहूपुर गांव में निवासी विजेंद्र सिंह उर्फ प्रिंस पुत्र स्व महेंद्र प्रताप सिंह के घर विशेष न्यायधीश के आदेशानुसार धारा 307 एवं एस सी एस टी एवं धारा 83 के अनुसार कुर्की के प्रक्रिया के दौरान आरोपी युवक की हुई गिरफ्तारी।उक्त गिरफ्तारी आजमगढ़ जिले के बरदह थानाध्यक्ष शमशेर यादव की एवं देवगांव के थानाध्यक्ष तारकेश्वर राय मय फोर्स केराकत थाने की फोर्स ने संयुक्त रूप से कार्यवाई की। जानकारी के अनुसार उक्त युवक के ऊपर सन 2018 में बरदह थाना में धारा 307 एवं एस सी एस टी के तहत मुकदमा दर्ज था।जिसके ऊपर धारा 83 के तहत कार्यवाई की गई।

चूल्हें से निकली चिंगारी से लगीं आग से तीन पशुओं की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामपुर थाना क्षेत्र के कोटिगांव दुबान में चूल्हे से निकली चिंगारी से मुसहर बस्ती में आग लग जाने तीन मड़हा जलकर खाक हो गया। आग की चपेट में आने से तीन पशुओं की भी मौत हो गई है। मड़हे जल जाने से मुसहरों का तीन परिवार घर से बेघर हो गए। अगलगी में मुसहरों का गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। कोटिगांव दुबान के बगल मुसहर बस्ती में सोमारू की पत्नी कमलावती रविवार की दोपहर खाना बना रही थी तभी चूल्हे से एक चिंगारी उठ कर मड़हे में जाकर पकड़ लिया देखते–देखते मड़हा धू धू कर जलने लगा। मड़हे के अंदर एक सूअर बंधा हुआ था जिसको निकालने के लिए पहुंचे तो मड़हे का आधा हिस्सा गिर पड़ा जिससे लोग बाहर निकल आए। जिसमें जिंदा सूअर जलकर मर गया। बगल स्थित गुड्डू और नंदलाल मुसहर के मड़हे पर चिंगारी पहुंची तो वहां भी तेजी के साथ आग ने मड़हे को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते दोनों मड़हा जलकर खाक हो गया। गुड्डू मुसहर के मड़हे में एक बकरी जबकि नंदलाल की मड़हे में एक सूअर की मौत हो गई। तीनों मुसहरों की मड़हे में अगलगी से गेहूँ, चावल अनाज समेत कुछ नगद भी भस्म हो गए। बस्ती के लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन तेज हवा के चलते हैं आग को काबू नहीं कर पाए जिसके कारण देखते ही देखते एक के बाद एक मड़हा जलता गया। मुसहिन कमलावती, सरोजा और सविता ने बताई की कोटे की दुकान से जो भी राशन खाने के लिए मिला था सब अगलगी में भस्म हो गया है। अब हम लोगों के पास खाने के लिए कुछ नहीं बचा है हमारे छोटे–छोटे बच्चे भूखे रहेंगे।

जलालपुर क्षेत्र के हौज ऊँचवापर गांव में किशोरी ने की आत्महत्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर क्षेत्र के हौज ऊँचवापर गांव में रविवार की दोपहर को एक 15 वर्षीय किशोरी ने पंखे से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गयी। उक्त गांव निवासी स्वर्गीय बाबूराम के तीन पुत्रियां तथा दो पुत्र है।दोनो लड़के मुम्बई में रहकर रोजी रोटी कमाते है।बड़ी लड़की की शादी हो चुकी है।घर पर इस समय उनकी छोटी लड़की चंदन कुमारी ही माँ के साथ रहती थी।रविवार को माँ कही गयी थी।चंदन न जाने किस कारण से घर के कमरे में फांसी लगा ली।उसी समय उसकी एक सहेली उसको बुलाने आयी तो खिड़की से उसे फांसी पर लटकता देख चिल्लाई।तब गांव के।लोग तत्काल उसे नीचे उतारे।उनको।लगा कि वह शायद जिंदा हो।हालांकि वह मर चुकी थी।तब लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को दिया।पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लियेभेज दिया।

जमीनी विवाद को लेकर सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के जलालपुर में चली गोली : बाल बाल बची जान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र जलालपुर जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट चली गोलियां, सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को किया गिरफ्तार, सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव में जमीन बंटवारा को लेकर राय साहब यादव मुन्ना यादव में कई दिनों से विवाद चल रहा था मंगलवार सुबह राय साहब यादव और मुन्ना यादव में किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई विवाद इस कदर बढ़ा कि दोनों एक दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगाना शुरू कर दिया इसी बीच मुन्ना यादव देसी तमंचा से राय साहब यादव के ऊपर फायरिंग कर दी इस दौरान झगड़े को शांत कराने के लिए पहुंची अनीता यादव को गोली छूकर पार हो गई गोली की आवाज सुनते ही सब लोग जान बचाने के लिए इधर–उधर भागने लगे। थोड़ी देर बाद इसकी सूचना ग्रामीणों ने सराय ख्वाजा थाना पुलिस को दी,मौके पर पुलिस प्रशासन ने पहुंचकर हालात को काबू किया और घायल को इलाज के लिए भेजा तथा राय साहब के तहरीर पर आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है। थाना प्रभारी देवानंद ने बताया कि राय साहब यादव की तहरीर पर चार के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

मान्यता के मुताबिक राम लला का दर्शन करने से पहले हनुमान गढ़ी जाना जरुरी : तभी होगी मुराद पूरी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ''कृष्णा बड़ी गोदावरी,तीरथ भरा प्रयाग।सबसे बड़ी अयोध्या नगरी,जहां राम लिए अवतार।।''जिसका तात्पर्य यह है कि कृष्णा और गोदावरी बड़ी नदियों में से एक है तीर्थ स्थल में देखा जाए तो प्रयागराज का महत्व है और वही धार्मिक स्थलों में देखा जाए तो अयोध्या नगरी का अपना अलग ही महत्व है।क्योंकि प्रभु श्री राम ने दुष्टों का संहार करने के लिए पृथ्वी पर अयोध्या नगरी में ही जन्म लिये।इसलिए अयोध्या नगरी का महत्व विश्व के पर्यटक स्थल के मानचित्र पर और बढ़ जाता है।अगर देखा जाए तो राम नगरी अयोध्या में प्रभु श्री राम का जन्म स्थल पर वर्तमान समय में जहां पर राम जन्मभूमि मंदिर का भव्य निर्माण बहुत ही तेजी से चल रहा है वही इस राम नगरी अयोध्या में कई ऐसे मंदिर भी हैं जिनकी अपनी अलग ही महत्व है।जिसमें अयोध्या के प्रमुख प्राचीनतम मंदिरों में हनुमानगढ़ी का नाम सबसे ऊपर आता है।आज हम हनुमानगढ़ी पर आपको विस्तृत बातें अपने समाचार पत्र के माध्यम से बताने जा रहे हैं।वहाँ के महंत के मुताबिक जहाँ हनुमान जी एक कोतवाल की भांति अपने भक्तों की रक्षा हेतु इस धाम में विराजमान हैं।इस मंदिर की एक नहीं, कई विशेष बातें भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं।इस धाम की सबसे प्रमुख बात यह है कि इस पावन स्थल पर बजरंगबली अपनी माँ अंजनी के साथ अपने भक्तों को दर्शन दे रहें हैं।इससे भी अनोखी बात यह कि यहाँ हनुमान जी अपनी माँ अंजनी की गोद में बैठें हैं।देखे तो प्रभु के ऐसे अनुपम दर्शन विश्व में कहीं और नहीं हैं।क्योंकि यहाँ माँ अंजनी के लाल हनुमान जी अपने भक्तों के लिए परम कल्याणकारी स्वरूप में दर्शन देने के लिए विराजमान हैं।इस संबंध में पंडित श्याम सुंदर कहते हैं कि इस मंदिर में भगवान का अदभुत रूप भक्तों को मंगल प्रदान करने वाला है।इस बजरंग बली के पावन धाम में हनुमान जी कण–कण में बसते हैं। यह भक्तों के लिए परम शक्ति का वह गढ़ है जहाँ आज भी पवन पुत्र हनुमान जी की उपस्थिति का आभास किया जाता है।यहाँ भक्तजन दूर– दराज से त्रेता युग के बाहुबली मारुति नंदन के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए वर्ष भर आते रहते हैं। फिर यह देव स्थान इस लिए भी प्रसिद्ध है क्योंकि यह पावन धाम भगवान श्री राम की कृपा पाने का मार्ग खोलता है।हनुमानगढ़ी के नाम से प्रसिद्ध यह मंदिर भारत के उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में स्थित है। वैसे तो अयोध्या अधिकांश रूप से श्री राम मंदिर के लिए जानी जाती है।लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि अयोध्या के तीर्थ स्थलों में हनुमानगढ़ी मंदिर को प्रथम स्थान दिया जाता है।यह मंदिर एक अत्यंत पवित्र धाम है। जहाँ मंदिर में युवा हनुमान जी अपनी माँ अंजनी की गोद में बैठे हुए हैं। इस मूरत की सबसे अधिक विशेष बात यह है कि इस मूर्ति के दर्शन करने के पश्चात भक्तगण उस मूरत में कुछ पल को खो जाते हैं। उन्हें लगता है कि यह माँ अंजनी नहीं बल्कि उनकी ही माँ हैं।ऐसी पौराणिक मान्यता है कि अयोध्या आने के पश्चात रामलला के दर्शन तब तक पूर्ण नहीं होते हैं जब तक भक्त हनुमानगढ़ी मंदिर के दर्शन न कर ले।यह सच है कि अयोध्या के प्रसिद्ध श्री राम मंदिर दर्शन करने के पूर्व भक्तगण पहले हनुमानगढ़ी मंदिर में पवन पुत्र हनुमान के चरण स्पर्श करने जाते हैं,और वहाँ स्थापित हनुमान जी से विनती करते हैं कि हे प्रभु,आप भी हमारे साथ श्री राम मंदिर चल दें।ताकि भक्तों की मनोकामना को पूर्ण करने के लिए हनुमान जी अपने प्रभु श्री राम से अपनी ओर से सिफारिश कर दें और भगवान श्री राम अयोध्या आये भक्तों की अर्ज शीघ्र सुन लें। इस मंदिर की यह अदभुत परंपरा सदियों पुरानी है।कहा जाता है कि जब लंका–विजय के पश्चात पवन सुत

हनुमान जी, श्री राम जी के साथ अयोध्या लौटे तो उस समय हनुमान जी ने भगवान श्री राम से प्रार्थना की कि हे प्रभु, अब आप भी हमारे साथ यहीं रहें। प्रभु श्री राम जी ने तब हनुमान जी से कहा कि हे हनुमान चिंता मत करो, इस अयोध्या नगरी में आने वाले भक्त को तब तक उसके दर्शन का प्रतिफल नहीं मिलेगा जब तक की वह हनुमानगढ़ी होकर हमारे पास नहीं आयेगा।हनुमान जी भगवान श्री राम जी की यह बात सुनते ही उनके चरणों में लोट गये। क्योंकि श्री राम ने अपने परम भक्त को अपने से ऊँची पदवी दे दी थी । कहते है कि उसी समय से यह परंपरा बन गयी कि अयोध्या आने पर प्रसिद्ध श्री राम मंदिर के दर्शन के पूर्व भक्तगण सरयू नदी में स्नान के उपरांत पहले हनुमानगढ़ी मंदिर में हनुमान जी के दर्शन करते हैं तत्पश्चात श्री राम मंदिर को जाते हैं।अयोध्या का यह हनुमानगढ़ी मंदिर कब किसके द्वारा बनवाया गया , इसका कोई निश्चित प्रमाण नहीं मिलता है। कुछ पुरातत्व विशेषज्ञों का कहना है कि यह हनुमानगढ़ी मंदिर 10 वीं शताब्दी में बनवाया गया होगा।यह बात अवश्य महसूस की जाती है कि निश्चित रूप से यहाँ सब कुछ हनुमानमय है।यह वह स्थान है जहाँ का कण–कण हनुमान जी की गाथा सुना रहा है। अयोध्या में, 52 बीघा में फैला हुआ यह मंदिर आस्था का अनुपम धाम है। जहाँ आकर भक्तों को शक्ति, आरोग्य और ऊपरी बाधा से मुक्ति मिलती है।अगर देखा जाये तो हनुमानगढ़ी में मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्तों को वहाँ स्थित 76 सीढ़ियों का रास्ता तय करना होता है। कहा जाता है कि यह सीढ़ियाँ उन्हें बजरंग बली के माध्यम से श्री राम के शरण में ले जाती हैं। ऐसी मान्यता है कि इन सीढ़ियों को चढ़ते समय यदि कोई भक्त हनुमान चालीसा का 11 बार पाठ कर लेता है तो उसके जीवन की तमाम मुश्किलें पवनसुत हनुमान हर लेते हैं। साथ ही उन्हें सर्व भय मुक्त कर आजीवन शक्ति का वरदान देते हैं। कहते हैं कि यहाँ आने के बाद हनुमान जी भक्तों के साथ उनके घर तक जाते हैं और अपने आश्रय की छाया प्रदान करते हैं।हनुमानगढ़ी मंदिर बहुत पावन स्थान है। ऐसा अदभुत दृश्य किसी अन्य धाम में देखने को नहीं मिलता है। हनुमानगढ़ी मंदिर बजरंग बली के उन मंदिरों में से एक है जहाँ आज भी हनुमान जी के होने का आभास होता है। बताया जाता है की मंदिर आरती के समय पवनसुत हनुमान जी स्वयं धाम में उपस्थित हो जाते हैं।यहाँ कई बार आरती के दौरान तेज आँधियाँ चलने और घनघोर बारिश होने की घटनायें हुईं।लेकिन उन आंधियों में भी हनुमानगढ़ी मंदिर का दीपक टिमटिमाता रहा,क्योंकि उस रोशनी के पीछे पवन पुत्र हनुमान जी का दैवीय प्रभाव था।जिससे किसी भी शक्ति का टकराना असंभव है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विशेष साप्ताहिक शिविर का हुआ समापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री राम जानकी मंदिर पर सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान चल रहे विशेष शिविर का समापन सोमवार को बड़े ही धूमधाम के साथ हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील प्रताप सिंह सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण करके समापन समारोह का भव्य आगाज किया। इसके उपरांत छात्र और छात्राओं के द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर संबोधित करते हुए डॉ सिंह ने कहा कि खुद के लिए जीना अलग बात है कभी देश के लिए, कभी मानवता के लिए, कभी गरीबों के लिए, कभी समाज के लिए कार्य करके देखो आपके जीवन का मुख्य उद्देश्य सार्थक सिद्ध हो जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मुमताज अंसारी तथा संचालन डॉ राम मोहन अस्थाना ने किया। स्वागत डॉक्टर जोरावर सिंह,डॉ. महेंद्र सिंह तथा आभार डॉ पवन सिंह ने किया। इस अवसर पर बृजमोहन गुप्ता (प्रतिनिधि उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय एकता शिविर बरेली), प्रियांशु, शिखा, कैशर जहाँ, जूही, सिमी, धीरज, लक्ष्मी, अनुपमा, दीपा, नित्या, शास्वत, स्वतंत्र, रिया तिवारी, वैष्णवी, अंतिमा, प्रियंका, अंकिता आदि मौजूद रहे।

विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की शारीरिक बाधाओं की स्क्रीनिंग हेतु प्रशिक्षण संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ब्लॉक संसाधन केंद्र में आंगनबाड़ी केंद्रों के विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ । प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक के समस्त बाल आंगनबाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र देव मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया। प्रशिक्षण में डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाया गया ।आरंभिक अवस्था में बच्चों की स्क्रीनिंग संबंधित चेक लिस्ट पर चर्चा किया गया। चलने फिरने एवं देखने से संबंधित बाधाओं, सुनने बोलने समझने और सीखने से संबंधित बाधाओं पर चर्चा किया गया ।बाल विकास व बेसिक शिक्षा विभाग के साथ कन्वर्जन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षक डॉ0ओम प्रकाश गुप्त, उमेश चंद दुबे, कैलाश नाथ रजक ,राकेश कुमार पाल ,अमित कुमार मिश्र, राजपति यादव एवं गंगाराम थे।

सरकार का किसान मजदूर नीतियो के खिलाफ सोमवार को किसान मोर्चा द्वारा तहसील में धरने का दिया गया ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरकार की किसान मजदूर, विरोधी नीतियो के खिलाफ सोमवार को तहसील परिसर में राजनाथ यादव की अध्यक्षता मे किसान मोर्चा के सदस्यों ने धरना प्रदर्शन किया। अंत में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा है। धरने के दौरान सभी ने किसान आंदोलन के तहत एमएसपी की गारंटी के लिए कानून बनाने, डीजल मूल्य वृद्धि वापस लेने, आशा, आंगनवाड़ी, रसोइयो व अन्य स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, मनरेगा का बजट बढ़ाने साल मे दो सौ दिन काम सहित तेरह सूत्रीय मांग को लेकर रोष व्यक्त किया। राष्ट्रपति व राज्यपाल को संबोधित तेरह सूत्रीय मांगपत्र उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को सौंपा। धरना को अशोक कुमार पांडेय, बसंत लाल, धर्म राज पटेल, बाबू राम सहित कई लोगो ने संबोधित किया।

देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र से जुड़े अयोध्या जिले के पत्रकारों का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के कोतवाली नगर के देवकाली तिराहा पर स्थित देश की उपासना हिंदी दैनिक समाचार पत्र कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस मौके पर देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र से जुड़े सभी पत्रकार व आसपास के अन्य लोग शामिल हुए। इस मौके पर सबसे पहले भारत माता व ज्ञान की देवी सरस्वती माता के चित्र पर देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव, नगर संवाददाता व डीकेयू यूट्यूब ब्यूरो चीफ सुरेंद्र कुमार,नगर संवाददाता सरवन कुमार,अयोध्या संवाददाता डॉ आलोक श्रीवास्तव,जिला संवाददाता डॉ अजय तिवारी,बीकापुर संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर इस समारोह का शुभारंभ किया।इस मौके पर वहां पर उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई भी दिया और वही इसी कड़ी में देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र के संपादक जी के दिशा निर्देश पर एक बैठक हुई।इस बैठक में मुख्य रूप से देश की उपासना समाचार पत्र को जिले में किस तरीके से और भी प्रचार प्रसार किया जाए इसके बारे में सभी सम्मानित पत्रकारों ने अपने अपने विचारों को व्यक्त किया।इस मौके पर सभी पत्रकारों ने एक राय में आपसी सहमत बनाई कि देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र को अयोध्या जनपद में किस तरीके से और भी अधिक से अधिक संख्या में पाठकों तक पहुंचाया जाए।इसके बारे में भी विचार विमर्श हुआ। इस मौके पर यह भी निर्णय लिया गया कि देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र में जो भी खबर हो तथ्यपरक हो सत्यता से परिपूर्ण हो और इसके साथ ही साथ अधिक से अधिक खबरें जो हो वह जनता की समस्याओं से जुड़ी हो।क्योंकि

अखबार ही एक ऐसा माध्यम है जो जनता व सरकार के बीच का आईना होता है।क्योंकि अखबार के माध्यम से ही सरकार की भी कितनी योजनाएं चलाई जाती हैं या सरकार की जो मंसा होती है वह जनता तक पहुंचती है और अखबार के माध्यम से ही जनता की जो समस्याएं होती हैं वह सरकार तक पहुंच जाती है।इसीलिए समाचार पत्र को समाज का दर्पण भी कहा जाता है। इसलिए इस बैठक में यहां पर उपस्थित सभी पत्रकारों ने यह निर्णय लिया कि अखबार में जो भी समाचार जाएंगे वह वह सत्य सत्य पूर्ण और जन समस्याओं से जुड़े रहेंगे।इस मौके पर देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव, देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र के नगर संवाददाता व डीकेयू यूट्यब चौनल के ब्यूरो चीफ सुरेंद्र कुमार,नगर संवाददाता सरवन कुमार,जिला संवाददाता डॉ अजय तिवारी,अयोध्या संवाददाता डॉक्टर आलोक श्रीवास्तव,बीकापुर संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी मौजूद रहे। आने वाले समय की मांग को देखते हुए संपादक जी द्वारा सभी को देश की उपसना वेबसाईट www.deshkiupasana.com की जानकारी करानें एवं खबरों को डाउनलोड कराने के साथ साथ सभी जुड़े हुए पत्रकार बन्धुओं को वेबसाईड पर अपनी आईडी बनाकर तुरन्त की खबरो व घटना को सीधे अपलोड करने की सलाह दी गई है, जिसका अयोध्या जिले से जुड़े हुए हम सभी द्वारा शत प्रतिशत पालन किया जायेगा।

बीइओ ने पुरस्कार राशि से विद्यालय को बनाया स्मार्ट स्कूल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापकों की बीआरसी सिकरारा पर सोमवार को आयोजित प्रशिक्षण में बीइओ राजीव कुमार यादव ने प्राथमिक विद्यालय बथुआवर के समस्त शिक्षकों एवं बाल संसद के सदस्यों को एक 43 इंच का टीवी सेट व एक डीटीएच सेट प्रदान कर एक नया आयाम प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने अधिकारी के इस नायाब पहल की जमकर सराहना की।10 फरवरी को नीपा द्वारा आयोजित एक आनलाइन कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डा. सुभाष सरकार द्वारा पूरे भारत के शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 56 शिक्षा अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो व दस हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया था। उक्त कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल को सोनभद्र जनपद में इंफ्रास्ट्रक्चर नामांकन व रियल टाइम डेटा प्रबंधन के लिये व खंड शिक्षा अधिकारी राजीव यादव को सिकरारा माडल के अंतर्गत आनलाइन शिक्षा सामुदायिक सहभागिता व सांस्कृतिक व खेलकूद को बढ़ावा देने हेतु यह सम्मान दिया गया था। खंड शिक्षा अधिकारी राजीव यादव ने अपनी प्राप्त पुरस्कार राशि मे अपना वेतन मिलाते हुए 43 इंच की स्मार्ट टीवी व एक डीटीएच सेट प्राथमिक विद्यालय बथुआवर के प्रधानाध्यापक संयुक्ता सिंह व बच्चों को प्रदान कर एक अनूठा प्रयास किया। बीईओ ने बताया कि मुझे यह पुरस्कार सिकरारा विकास क्षेत्र के ऊर्जावान शिक्षकों के अभिनय प्रयास के द्वारा प्राप्त हुआ। पुरस्कार की धनराशि पाते ही मैंने निर्णय ले लिया था कि इस धनराशि से किसी स्कूल को स्मार्ट स्कूल बनाकर पूरे ब्लाक के लगभग 100 विद्यालयों को समुदाय व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से स्मार्ट स्कूल बनाऊंगा। स्मार्ट टीवी और डीटीएच सेट पाते ही प्रधानाध्यापिका संयुक्ता सिंह भावुक हो गई। उन्होंने कहा कि बीइओ महोदय द्वारा राष्ट्रीय सम्मान से प्राप्त पुरस्कार राशि को विद्यालय में प्राप्त होना शायद यह हम लोंगो के लिए अविस्मरणीय पल है। हम लोग विद्यालय के विकास में कोई कोर कसर नही छोड़ेंगे। इस अवसर पर उपस्थित प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा यह एक अनूठा प्रयास किया गया है उनके द्वारा सिकरारा विकास क्षेत्र के 100 स्कूलों को स्मार्ट स्कूल बनाने की जो संकल्पना ली गई है उस अभियान को हमलोग पूरा करने में कोई कोर कसर नही छोड़ेंगे। इस अवसर पर एसआरजी डा. अखिलेश सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, ब्लाक अध्यक्ष मृतुन्जय सिंह सहित ब्लाक के सभी एआरपी शिक्षक संकुल प्रधानाध्यापक व एसएमसी अध्यक्ष उपस्थित रहे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा किया गया जोरदार विरोध प्रर्दशन : समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे दिन किये कार्य बहिष्कार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उ0प्र0 के आवाह्न पर 2 दिन के राष्ट्रव्यापी हड़ताल के सर्मथन में दिनांक 28–29.03.2022 को कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया गया था उसी क्रम में आज दिनांक 28.03.2022 को समय 03:00 बजे से 05:00 बजे तक जोरदार विरोध प्रर्दशन किया गया समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे दिन कार्य बहिष्कार किये। दिनांक 29.03.2022 को भी सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्य बहिष्कार करेंगे और उक्त समय पर विरोध प्रर्दशन भी करेंगे। मुख्य मांगे:–1. निजीकरण हेतु जारी किए गए इलेक्ट्रीसिटी(अमेंडमेंट) बिल 2021 और स्टैण्डर्ड बिडिंग डॉक्युमेंट के मसौदे को वापस लिया जाए। 2. निजीकरण की समस्त प्रक्रिया निरस्त की जाए और ग्रेटर नोएडा का निजीकरण व आगरा का फ्रेन्चाइजी करार रद्द किया जाए। 3. केरल के केएसईबी लिमिटेड की तरह उप्र में भी सभी ऊर्जा निगमों का एकीकरण कर यूपीएसईबी लिमिटेड का गठन किया जाए। 4. सभी बिजली कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन प्रणाली लागू की जाए। 5. तेलंगाना की तरह ऊर्जा निगमों में कार्यरत सभी संविदा कर्मियों को नियमित किया जाए और नियमित पदों पर नियमित भर्ती की जाए। 6. शांतिपूर्ण आन्दोलन के कारण प्राविधिक कर्मचारी संघ के सदस्यों की वेतन कटौती और अन्य दमनात्मक कदम वापस लिये जायें। 7. सभी संवर्गों की वेतन विसंगतियों का निराकरण किया जाए और पूर्व की भाँति सभी संवर्गों को तीन पदोन्नति पद के समयबद्ध वेतनमान दिए जाएं। उपरोक्त विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता ई0 राम आधार और संचालन श्री निखिलेश सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर ई0 मनोज सिंह, जू0ई0 निर्भिक भारती, ई0 सीयाराम, श्री संजय यादव, श्री गिरीश यादव श्री सत्या उपाध्याय आदि ने अपने विचार व्यक्त किये तथा धरना प्रर्दशन में ई0 गोपाल सिंह, ई0 रवीन्द्र पासवान, ई0 प्रभाकर, ई0 मनीजर प्रसाद, ई0 विरेन्द्र पाल, जू0ई0 आतिश यादव, संतोष, अभिषेक केशरवानी, काजी फैज अहमद, श्री प्रभात पान्डेय, रंगीले, अश्वनी कुमार श्री0, संजय, विकास इत्यादि लोग

मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल अध्यक्ष श्री निखिलेश सिंह द्वारा अपने संबोधन में चेतावनी दी गयी कि अगर कारपोरेशन द्वारा उक्त मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आगे वृहद स्तर पर विरोध प्रदर्शन/कार्य बहिष्कार किया जायेगा।

थाना रामपुर ने महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले 02 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी पुलिस अधीक्षक जौनपुर के अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामपुर ओमनारायण सिंह के कुशल नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण/ एण्टी रोमियों अभियान के दृष्टिगत आज दिनांक 28.03.2022 को मय एण्टी रोमियों टीम के संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान बरसठी तिराहा रामपुर में एक संदिग्ध व्यक्ति जो आने जाने वाली महिलाओं पर फब्तिया कस रहा था को आवश्यक पुलिस बल का प्रयोग करते हुये पकड़ लिया गया । पकड़े गये अभियुक्त अभियुक्त सुधीर दुबे पुत्र चन्द्रमणि दुबे निवासी ग्राम सरनाम का पूरा उच्चडीह थाना मउआइमा जनपद प्रयागराज को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 44/22 धारा 294 भादवि पंजीकृत किया गया, इसी क्रम में रामपुर नहर के पास संदिग्ध व्यक्ति जो आने जाने वाली महिलाओं पर फब्तिया कसते हुये अश्लील इशारे कर रहा था, को पुलिस बल की मदद से पकड़ लिया गया । पकड़े गये अभियुक्त सुजीत गौतम पुत्र सुरेश गौतम निवासी गौरापट्टी थाना रामपुर जनपद जौनपुर को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 45/22 धारा 294 भादवि पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.सुधीर दुबे पुत्र चन्द्रमणि दुबे निवासी ग्राम सरनाम का पूरा उच्चडीह थाना मउआइमा जनपद प्रयागराज । 2.सुजीत गौतम पुत्र सुरेश गौतम निवासी गौरापट्टी थाना रामपुर जनपद जौनपुर । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.थानाध्यक्ष श्री ओमनारायण सिंह थाना रामपुर जौनपुर । 2.उ0नि0 श्री राजेश कुमार सिंह थाना रामपुर जौनपुर । 3.उ0नि0 श्री भगवान थाना रामपुर जनपद जौनपुर । 4.का0 राहुल गुप्ता, का0 आकाश चौहान, म0हे0का0 नीलम यादव, म0का0 प्रियंम सिंह, थाना रामपुर जनपद जौनपुर।

रेल टिकट के साथ दलाल गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रेलवे स्टेशन के आरक्षण टिकट खिड़की के पास से आरपीएफ ने संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। जिसकी तलाशी के दौरान उसकी जेब से 12 सौ रुपये मूल्य के चार टिकट व चार सादा फॉर्म बरामद करने का दावा किया। पुलिस ने संबंधित धारा में केस दर्ज कर चालान न्यायालय भेज दिया। आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थानान्तर्गत गुवांई गांव निवासी पवन कुमार चौहान पुत्र गुलाब चंद को रविवार की रात आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक ने गश्त के दौरान संदिग्ध देख हिरासत में लिया। जिसकी तलाशी के दौरान उसके पास से टिकट बरामद करने का दावा किया। प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार सिन्हा ने बताया कि आरोपी टिकट की दलाली करता है। जो रात में यात्रियों को अवैध रूप से टिकट बेचने आया था।

सपा प्रतिनिधिमण्डल आज पहुंचेगा देवरिया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल मंगलवार को देवरिया गाँव पहुंचेगा । प्रतिनिधिमण्डल ग्राम देवरिया में पुलिस द्वारा दलित महिलाओं के साथ मारपीट तथा उत्पीड़न की जांच तथा पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगा । प्रतिनिधिमण्डल में मिठाई लाल भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब वाहिनी, सुश्री डॉ0 रागिनी सोनकर विधायक मछलीशहर, लाल बहादुर यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी जौनपुर, ओमप्रकाश दुबे ''बाबा दुबे'' पूर्व विधायक , डा0 अवधनाथ पाल प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश एवं महेन्द्र यादव विधान सभा अध्यक्ष बदलापुर शामिल हैं।यह जानकारी जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी लालबहादुर यादव ने दी है!

जंघई रेलवे स्टेशन पर शौचालय व पानी की किल्लत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वाराणसी प्रतापगढ रेलवे रुट पर स्थित जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन मुलभुत सुविधाओं का टोटा है सबसे खराब स्थित शौचालय व पीने का पानी है शौचालय मे ताला बंद है तो टोटी से पानी नही निकल रहा है। वाराणसी प्रतापगढ़ रेलवे रुट स्थिति जंघई एक बडा जंक्शन स्टेशन है यह जौनपुर भदोही प्रयागराज जनपद की सीमा पर स्थित है यहा दूर दूर से यात्री ट्रेन पकडने आते है और वाराणसी प्रतापगढ़ लखनऊ प्रयागराज जौनपुर के लिए यहा से ट्रेनो की अदला बदली करते है । यहा प्लेटें फार्म एक दो तीन पर पीने के पानी की टंकी बनाई गयी है जहा प्लेट फार्म नम्बर एक पर अमर उजाला के पडताल के समय पानी की टंकी बंद मिली वही सिर्फ प्लेटफार्म नम्बर एक लौटा शौचालय मे भी ताला बंद मिला । जिसके कारण यात्री दिक्कत मे देखे गये। कुछ पानी की टंकी पानी तभी आता है जह बिजली सप्लाई रहती है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।